## माननीय प्रबन्ध परिषद की त्रोयदश बैठक दिनांक 16.10.2008 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की त्रयोदश बैठक दिनांक 16.10. 2008 को अपरान्ह् 03.00 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कृषि महाविद्यालय के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 एम0पी0 यादव, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2 | श्री पी0 लाल , अनु सचिव (कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान ) उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 3 | श्री ओम प्रकाश शर्मा,विधान परिषद सदस्य | सदस्य |
| 4 | श्री शाहिद मंजूर , मा0 विधायक | सदस्य |
| 5 | श्री चन्द्रवीर सिंह , मा0 विधायक | सदस्य |
| 6 | श्रीमती उर्मिला देवी , सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 7 | श्री सतीश कुमार उर्फ सुधीर त्यागी ,कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 8 | श्री मनोज कुमार , प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 9 | डा0 के0 सी0 सिंह, प्राचार्य, कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 10 | श्री अनिल कुमार यादव, लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 11 | डा0 बीर पाल सिंह, संयुक्त निदेश , केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम, मेरठ | सदस्य |
| 12 | श्री सुशील कुमार यादव , वित्त नियन्त्रक | सचिव |

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति जी / अध्यक्ष ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की ।

**संकल्प सं0 1 माननीय प्रबन्ध परिषद की द्वादश बैठक दिनांक 06.09.2008 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की द्वादश बैठक दिनांक 06.09.2008 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**संकल्प सं0 2 माननीय प्रबन्ध परिषद की द्वादश बैठक दिनांक 06.09.2008 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की द्वादश बैठक दिनांक 06.09.2008 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या को माननीय सदस्यों द्वारा अवलोकित किया गया एवं कार्यवाही की पुष्टि सर्व सम्मति से की गयी।

विश्वविद्यालय की प्रगति विवरण-,विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों एवं विश्वविद्यालय में चल रहे विधिक कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गयी । मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्यों द्वारा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के बारे में ध्यान देने पर जोर दिया गया तथा विधिक कार्यो में हुई प्रगति की सराहना की गयी ।

Sushil

वित्त नियन्त्रक / सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि
एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ (उ0प्र0) पिन– 250 110

**संकल्प सं0 3 दिनांक 17.10.2008 को द्वितीय दीक्षान्त समारोह आयोजन के सम्बन्ध में ।**

दिनांक 17 अक्टूबर ,2008 को होने वाले द्वितीय दीक्षान्त समारोह हेतु वर्ष 2003–04 व वर्ष 2004–05 के स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व कुलपति स्वर्ण , सिल्वर एवं कॉस्य पदक दिये जाने का प्रस्ताव का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं0 4 विश्वविद्यालय में निर्धारित मानदेय/नियत वेतन पर नये कालेजों में पद भरने तक गेस्ट फेकल्टी लिए जाने के संदर्भ में प्रस्ताव ।**

विश्वविद्यालय में नवनिर्मित वेटनरी कॉलेज एवं अन्य नये कॉलेजों में फेकल्टी की नियमित नियुक्ति होने तक निर्धारित मानदेय/नियत वेतन पर गेस्ट फेकल्टी रखे जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया कि गेस्ट फेकल्टी के लिए रिटार्यड शिक्षको को प्राथमिकता दी जाय अगर किसी पद पर रिटार्यड शिक्षक न मिल रहे हों तभी अन्य अभ्यर्थियों पर विचार किया जाय । निर्धारित मानदेय/नियत वेतन के अतिरिक्त कोई अन्य लाभ या भत्ता देय नहीं होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक | रू0 20,000/– प्रतिमाह |
| 2 | सह प्राध्यापक | रू0 15,000/– प्रतिमाह |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | रू0 12,000/– प्रतिमाह |

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा वेटेरिनरी कालेज में छात्रों के प्रवेश हेतु फिर से प्रवेश परीक्षा कराने का भी निर्णण लिया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी/ कुल सचिव )

**संकल्प सं0 5 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के पदों को विज्ञापित कर भरने की स्वीकृति हेतु।**

शासना देश संख्या 1634/ 67–कृशिअ–08–500(23)/ 08 दिनांक 04.08.2008 द्वारा कृषि विश्वविद्यालय ,मेरठ हेतु पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में विभिन्न श्रेणी के 122 पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई । उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत पदों को भरने के सम्बन्ध में शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में वेटरनरी कॉलेज मथुरा एवं वी0 सी0आई के मानकों के अनुरूप योग्यता तैयार कराकर मा0 प्रबन्ध परिषद की अगली बैठक में रखा जाय । शिक्षणेत्तर पदों को विज्ञाप्ति कर भरने की संस्तुति के साथ नियुक्तियों में पारदर्शिता रखे जाने पर बल दिया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 6 उत्तर प्रदेश शासन के विभिन्न शासनादेशों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ हेतु स्वीकृत रिक्त पदों को विज्ञापित कर भरने की स्वीकृति हेतु।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उपरोक्त रिक्त पदों को विज्ञापित कर भरने की स्वीकृति प्रदान की गयी । उक्त पदो के लिये योग्यता अहर्तायें तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाय। तथा एक राष्ट्रीय समाचार पत्र तथा दो प्रदेश स्तरीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाय । राष्ट्रीय स्तर का समाचार पत्र अंग्रेजी का होना चाहिए ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

वित्त नियन्त्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद्
सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि
एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ (उ०प्र०) पिन– 250 110

**संकल्प सं0 7 विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्रोन्निति / सेवा नियमावली के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्रोन्निति / सेवा नियमावली के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त माननीय प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्यों ने शासनादेश के अनुसार ही कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 8 कृषि विश्वविद्यालय पन्तनगर से कृषि विश्वविद्यालय मेरठ को प्राप्त 30 रिक्त पदों को भरने हेतु शासन से स्वीकृत के सम्बन्ध में ।**

कृषि विश्वविद्यालय पन्तनगर से कृषि विश्वविद्यालय मेरठ को प्राप्त 30 रिक्त पदों को भरने हेतु शासन को भेजे जाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि विस्तृत प्रस्ताव जिसमें समस्त कर्मियों का पूर्ण सेवा विवरण , शैक्षिक अर्हताएं एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि के साथ पद मॉगने का औचित्य शासन को प्रेषित किये जायें तथा शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की एक –एक प्रति मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों श्री चन्द्रवीर सिंह, विधायक, एवं श्री मनोज कुमार , प्रगतीशिल कृषक को भी उपलब्ध करा दी जाए ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 9 अशासकीय सहायता प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर निश्चित मानदेय के आधार पर मानदेय की दरों में संशोधन के सम्बन्ध में ।**

वर्तमान में मानदेय के आधार पर अध्यापन कार्य हेतु रू0 5000/– (रूपये पॉच हजार मात्र) प्रति माह अनुमन्य है । शासनादेश संख्या 3129/ सत्तर--2–2006 –3(19)/93 टी0सी0 दिनांक 11 सितम्बर , 2006 जो उच्च शिक्षा अनुभाग–2 से जारी किया गया है, में दी गई शर्तो के अनुसार विश्वविद्यालय में निश्चित मानदेय रू0 8000/– (रूपये आठ हजार मात्र) प्रति माह पर अध्यापन का कार्य कराये जाने के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 10 सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ तथा अल्मा– मेटर स्टुडियोरम –बोल्गना विश्वविद्यालय , बोल्गना (इटली) के बीच विश्वविद्यालय वैज्ञानिक / स्नात्कोत्तर छात्रों के शिक्षा एवं कोलैबोरेटिव रिर्सच के लिए अनुबन्ध (MOU) हस्ताक्षर करने के सम्बन्ध में।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा करने के उपरान्त प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया ।

**संकल्प सं0 11 मा0 कुलपति जी के वर्तमान में निर्मित आवासीय भवन को सेफ हाउस नं0–1 में परिवर्तित करने तथा वर्तमान मे सेफ हाउस नं0–1 में रह रहे भवन को माननीय कुलपति**

विश्वविद्यालय के वी0वी0आई0पी0 एवं विशेष आगन्तुओं के आने पर उनके ठहरने व अन्य व्यवस्था हेतु माननीय कुलपति जी के लिये जो आवास निर्मित हुआ है उसको वी0वी0आई0पी0 तथा अन्य विशेष आगन्तुओं के लिये सेफ हाउस नं0 –1 में परिवर्तित करने का अनुमोदन दिया गया । यह व्यवस्था तब तक प्रभावी रहेगी जब तक कुलपति जी नवनिर्मित आवास में न जायें ।

(कार्यवाही– प्रभारी अधिकारी निर्माण )

कुलसचिव / सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि
एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ (उ०प्र०) पिन– 250 110

**संकल्प सं0 12 कृषि विश्वविद्यालय , मेरठ के कुलसचिव कार्यालय में दिन–प्रतिदिन के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु शिक्षणेत्तर पदों का प्रस्ताव ।**

कृषि विश्वविद्यालय , मेरठ के कुलसचिव कार्यालय में दिन–प्रतिदिन के कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादित करने हेतु प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्यों द्वारा चर्चा की गयी तथा यह निर्णय लिया गया कि उक्त पद किसी कार्यालय के लिए न मांगकर विश्वविद्यालय के लिए मॉगे जाये तथा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जाने हेतु अनुमोदन किया गया । शासन से स्वीकृति उपरान्त किसी भी कार्यालय जहॉ स्टाफ की कमी हो रखे जा सकते है ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 13 माननीय प्रबन्ध परिषद की द्ववादश बैठक दिनांक 06.09.2008 के कार्यवृत्त में आंशिक संशोधन की पुष्टि ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की द्ववादश बैठक दिनांक 06.09.2008 के कार्यवृत्त में आंशिक संशोधन की पुष्टि की गयी ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 14 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से –अन्य प्रस्ताव :**

**अ– पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में लैब टेक्निशियन के 02 पदों तथा स्टेनों के 01 पद भरने के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव पर चर्चा उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि उक्त पद पैनल से न भरकर विज्ञापन प्रकाशित कराकर भरे जा सकते हैं ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**ब– विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मियों की प्रोन्नति के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त यह निर्णय हुआ कि शासनादेश के अनुसार कार्यवाही की जाय । ऐसी नियमावली न बनायी जाये जिसमें शासनादेश से हटकर व्यवस्था हो ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**स – डा0 गजेन्द्र पाल को संयुक्त निदेशक प्रसार पदनाम संशोधित पदनाम प्राध्यापक , सस्य विज्ञान देने के सम्बन्ध में ।**

उक्त प्रस्ताव पर प्रबन्ध परिषद द्वारा विचार विर्मश कर संशोधित पदनाम प्राध्यापक सस्य विज्ञान का अनुमोदन विद्वत परिषद की 36 वीं बैठक की कार्यवृत्त के संकल्प –1 पर लिए गये निर्णय के अनुसार संशोधित पदनाम प्राध्यापक (सस्य विज्ञान ) देने हेतु अनुमोदन किया गया। तथा यह भी निर्णय लिया गया कि इस तरह का अन्य प्रकरण हो तो उसे भी तदनुसार निस्तारित किया जाय ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

Sushil

/सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद
भाई पटेल कृषि
विश्वविद्यालय,
पिन– 250 110

द– **विश्वविद्यालय में कृषि उपकरणों/ वैज्ञानिक उपकरणों /स्पोर्ट आईटम आदि की (जिनकी अनुमानित कीमत रू0 03.00 लाख हो या उससे कम की हो ) को रेट कन्ट्रेक्ट के आधार पर क्रय करने के सम्बन्ध में ।**

विश्वविद्यालय में कृषि उपकरणों/ वैज्ञानिक उपकरणों आदि (जिनकी अनुमानित कीमत रू0 03.00 लाख हो या उससे कम की हो ) को क्रय करने के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्यों ने विचार –विर्मश कर यह निर्णय लिया कि प्रस्ताव के अनुसार रेट कान्ट्रेक्ट के आधार पर क्रय किया जाना विश्वविद्यालय हित में होगा । प्रस्ताव स्वीकार किया गया ।

(कार्यवाही– वित्त नियन्त्रक / अध्यक्ष क्रय समिति )

ध **विश्वविद्यालय के मास्टर प्लान का Lay out plan अनुमोदित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

मा0 प्रबन्ध परिषद के सम्मानित सदस्यों ने विचार विमर्श के उपरान्त मास्टर प्लान का Lay out plan अनुमोदित किया । समयाभाव के कारण Lay out plan देखा नहीं गया इसलिए आगामी मा0 प्रबन्ध परिषद बैठक के मुख्य एजेण्डा में सम्मिल्लित कर अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

(कार्यवाही– प्रभारी अधिकारी निर्माण )

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई ।

Sushil

वित्त नियन्त्रक/सचिव मा० प्रबन्ध परिषद
सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि
एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ (उ0प्र0) पिन- 250 110

**(सुशील कुमार यादव)**
**वित्त नियन्त्रक/सचिव प्रबन्ध परिषद**

**अनुमोदित**

22-10-2008

M. P. Yadav
Vice-Chancellor

**(एम0पी0 यादव)**
**कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध परिषद**